केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)

दिनांक: 01.03.2020

तत्काल प्रेस नोट

दिल्ली में सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षाएं

सीबीएसई वार्षिक बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी से पूरे देश और विदेश में आयोजित की जा रही हैं। दिल्ली के उत्तर पूर्वी हिस्से में, कक्षा X और XII की बोर्ड परीक्षाएं 26, 27, 28 और 29 फरवरी 2020 को अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण स्थगित कर दी गई थी। अधिसूचनाएं सार्वजनिक रूप से जारी की गई थी और यह भी सूचित किया गया था कि विद्यार्थियों को नई तिथियाँ सूचित की जाएंगी।

बोर्ड का विचार है कि कक्षा XII परीक्षाओं के संचालन में और देरी के कारण प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों यानी मेडिकल, इंजीनियरिंग, विधि में और अन्य यूजी दाखिलों के लिए रुकावट आ सकती है। कुछ प्रवेश परीक्षाएं माननीय न्यायालयों द्वारा निर्धारित समय-सीमा के अनुसार संचालित की जाती हैं और इसलिए तिथियाँ अनुल्लंघनीय हैं। इसी तरह, जेईई (मुख्य) भी 3 अप्रैल, 2020 से 19 अप्रैल, 2020 तक निर्धारित हुआ है। बोर्ड को यह भी अवगत है कि यदि परीक्षाएं और आगे स्थगित कर दी जाती हैं तो ऐसे अभ्यर्थियों के लिए यह अत्यंत तनावपूर्ण व चिंताजनक होगा जो बोर्ड परीक्षा देने की स्थिति में हैं।

दिल्ली पुलिस के साथ जारी हमारे परामर्श के अनुसार, बोर्ड परीक्षा उन विद्यार्थियों के लिए सुचारू रूप से और सुरक्षित रूप से आयोजित की जा सकती है, जो बोर्ड परीक्षाएं देने की स्थिति में हैं। सीबीएसई ने पुलिस आयुक्त, दिल्ली को भी छात्रों की सुरक्षा के लिए उत्तर पूर्वी दिल्ली में स्थित परीक्षा केंद्रों के आसपास पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने का लिखित अनुरोध किया है और इसमें पूरा समर्थन मिल रहा है।

पिछले कुछ दिनों में सामने आई घटनाओं ने हमारे कुछ विद्यार्थियों को प्रभावित किया है। सीबीएसई विद्यार्थियों की दोनों श्रेणियों की जरूरतों के प्रति चिंतित है और संवेदनशील है - वे जो परीक्षा के लिए निर्धारित तिथियों के अनुसार कल से परीक्षा दे सकते हैं, और उनके लिए भी जिन्हें कठिन परिस्थितियों के कारण परीक्षाओं में बैठने में मुश्किल हो सकती है। इन सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, बोर्ड ने निम्न निर्णय लिए हैं:

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली-110092
"SHIKSHA KENDRA" 2, COMMUNITY CENTRE, PREET VIHAR, DELHI-110092
Phone (off.) : 011-22509256-59, 22041807-08, Website: www.cbse.gov.in, www.cbse.nic.in

1. सीबीएसई द्वारा दिनांक 02.03.2020 से दिल्ली के उत्तर पूर्व भागों में कक्षा दसवीं और बारहवीं दोनों की परीक्षाएं परीक्षा सारणी में निर्धारित की गई तिथियों के अनुसार आयोजित की जाएंगी।

2. ऐसे ही, कुछ अभ्यर्थियों के सामने आ रही कठिन स्थिति को देखते हुए, सीबीएसई ऐसे अभ्यर्थियों के लिए बाद में परीक्षाएं आयोजित करने के लिए तैयार है, जो दिनांक 07.3.2020 तक परीक्षाओं में नहीं बैठ पाएंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्यों से अनुरोध किया गया है कि वे ऐसे विद्यार्थियों की सूची बोर्ड को भेजेंगे, जो 7 मार्च, 2020 तक आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में उपस्थित नहीं हो सकते। सीबीएसई द्वारा शिक्षा निदेशालय, दिल्ली को भी ऐसे अभ्यर्थियों की सूची भेजने का अनुरोध किया गया है जो उक्त तिथि तक परीक्षाओं में उपस्थित नहीं हो पाएंगे।

चूंकि कक्षा बारहवीं और दसवीं की परीक्षाएं परीक्षा-सारणी के अनुसार आयोजित की जाएंगी, सीबीएसई द्वारा सभी संबंधित से अनुरोध किया जाता है कि वे अभ्यर्थियों को सहयोग दें जो कल से परीक्षाओं में उपस्थित हो सकते हैं। जो अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हो पाएंगे, उनसे अनुरोध है कि वे अपने संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य से संपर्क करें, जो आगे सीबीएसई को रिपोर्ट भेजेंगे। बोर्ड अपने सभी विद्यार्थियों के हितों का ध्यान रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

अनुराग त्रिपाठी
सचिव, सी.बी.एस.ई.